बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

दूरभाष सं०:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में आज दिनांक 07.01.2025 को बिहार राज्य की निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों के लिए कर दिया गया है। निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन में निर्वाचकों की कुल संख्या 7,80,22,933 है। इनमें पुरूष निर्वाचक 4,07,63,352, महिला निर्वाचक 3,72,57,477 तथा तृतीय लिंग के निर्वाचकों की संख्या 2,104 है। प्रारूप प्रकाशन में लिंगानुपात 910 था जो बढ़कर 914 हो गया है। बिहार राज्य में निर्वाचक सूची के लिंगानुपात में सतत् वृद्धि हुई है।

प्रारूप प्रकाशन की तिथि 29.10.2024 के पश्चात् निर्वाचक सूची में कुल 12,03,900 निर्वाचकों का नाम जोड़ा गया है एवं इस अवधि में कुल 4,09,434 निर्वाचकों का नाम नियमानुसार विलोपित कर दिया गया है। इस प्रकार से निर्धारित अवधि में निर्वाचकों की कुल सख्या में शुद्ध बढ़ोतरी 7,94,466 हुई है। निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार इस अवधि में पुरूष निर्वाचकों की संख्या में बढ़ोतरी 3,25,280 तथा महिला निर्वाचकों की संख्या में बढ़ोतरी 4,69,078 रहीं है। निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन से संबंधित अन्य संख्यात्मक विवरणी निम्नवत् है :–

क्र० सं०	विषय	अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर दिनांक 29.10.2024 को निर्वाचक सूची के प्रारुप प्रकाशन की सांख्यिकी	अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर दिनांक 07.01.2025 को निर्वाचक सूची के अंतिम प्रकाशन की सांख्यिकी	कुल अंतर
1	निर्वाचक की कुल संख्या	7,72,28,467	7,80,22,933	794466
2	पुरूष निर्वाचक की कुल संख्या	4,04,38,054	4,07,63,352	325298
3	महिला निर्वाचक की कुल संख्या	3,67,88,242	3,72,57,477	469235
4	तृतीय लिंग निर्वाचक की कुल संख्या	2,171	2,104	–67
5	निर्वाचक सूची का लिंगानुपात	910	914	04
6	निर्वाचक सूची का EP Ratio	0.594	0.600	.006
7	सेवा निर्वाचकों की संख्या	1,66,071	1,65,493	–578

अंतिम प्रकाशन के उपरांत आयुवर्ग–वार निर्वाचकों की संख्या निम्नवत् है:–

Age Cohort	Electors as per Final Roll w.r.t. 01.01.2025 (Age group wise)
18-19	808857
20-29	15590481
30-39	20424920
40-49	16926086
50-59	11426964
60-69	7272135
70-79	3965963
80+	1607527
State Total	**78022933**

- विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2025 में सक्रिय सहभागिता हेतु दिनांक 02.11.2024, 03.11.2024, दिनांक 23.11.2024, 24.11.2024 को विशेष अभियान दिवस का आयोजन राज्य के कुल 243 में से 239 विधानसभा क्षेत्रों (196–तरारी, 203–रामगढ़, 227–इमामगंज (अ०जा०) एवं 232–बेलागंज को छोड़कर) के सभी मतदान केन्द्रों में किया गया था। 196–तरारी, 203–रामगढ़, 227–इमामगंज (अ०जा०) एवं 232–बेलागंज विधानसभा क्षेत्रों में दिनांक 30. 11.2024 एवं दिनांक 08.12.2024 को विशेष अभियान दिवस का आयोजन किया गया था।
- भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में निर्वाचक सूची के शुद्धिकरण हेतु दोहरी प्रविष्टियों के मामलों को नियमानुसार जाँचोपरांत विलोपित करने की कार्रवाई की गयी है।
- निर्वाचक सूची में पंजीकरण के लिए अर्हता तिथि 01 जनवरी के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर भी होंगी। ऐसे में इस कैलेण्डर वर्ष में चार अर्हता तिथियाँ आवेदकों को उपलब्ध होंगी। अंतिम प्रकाशन के पश्चात् सतत् अद्यतीकरण की प्रक्रिया जारी रहेगी जिसके तहत कोई भी अर्हता प्राप्त व्यक्ति निर्वाचक सूची में परिवर्द्धन, विलोपन एवं संशोधन हेतु आवेदन कर सकता है।

निर्वाचक सूची में आवेदन हेतु ऑनलाइन एवं ऑफलाइन विकल्प दोनों उपलब्ध हैं। ऑनलाईन यह सुविधा वोटर हेल्पलाईन एप अथवा voters.eci.gov.in में लॉगइन कर प्राप्त की जा सकती है। ऑफलाइन रूप में आवेदन करने हेतु अपने प्रखंड, अनुमंडल अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है या अन्य वांछित जानकारी प्राप्त करने हेतु मतदाता हेल्पलाईन 1950 का प्रयोग भी किया जा सकता है।

****